एमसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 51वीं बैठक सम्पन्न

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में दिनांक 27.10.2016 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक श्री एल.एन. मिश्रा,निदेशक(कार्मिक),एमसीएल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्यालय स्थित विभागों के विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक,नामित राजभाषा अधिकारीगण तथा भारत सरकार, हिंदी शिक्षण योजना, संबलपुर के डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा, हिंदी प्राध्यापक उपस्थित हुए।

महाप्रबंधक(प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान/राजभाषा/मा.सं.वि.) श्री बी.सी. त्रिपाठी ने अध्य महोदय एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए विभागों एवं क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को राजभाषा नीतियों के शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु अपील की।

अध्यक्ष महोदय ने अपने वक्तव्य में कहा कि एमसीएल के सभी क्षेत्रों एवं विभागों में भारत सरकार की राजभाषा नीति का अनुपालन हो रहा है इसे और त्वरान्वित करने की आवश्यकता है। भारत सरकार की राजभाषा नीति का लक्ष्यानुरूप अनुपालन करना हमारी संवैधानिक एवं नैतिक जिम्मेदारी है, अत: हम सभी को स्वस्थ मानसिकता से लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में अग्रसर रहना है।

श्री बी.आर. साहू कलिहारी, सहायक प्रबंधक (सचिवीय/ राजभाषा) द्वारा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बैठक में जून,2016 एवं सितम्बर,2016 तिमाहियों की तुलनात्मक समीक्षा की गई। सितम्बर,2016 तिमाही के दौरान एमसीएल में निष्पादित राजभाषा कार्यान्यन की गतिविधियों को पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से सदन में प्रदर्शित किया गया।

डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा,हिंदी प्राध्यापक,हिंदी शिक्षण योजना,भारत सरकार, संबलपुर द्वारा एमसीएल में चलाये जा रहे हिंदी भाषा प्रशिक्षण के संबंध में सुझाव प्रस्तुत किया गया।

श्री बी.आर. साहू कलिहारी, सहायक प्रबंधक (सचिवीय/ राजभाषा) द्वारा प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई।

MCL
राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक
दिनांक: 27.10.2016
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर - 768020

बी.सी.त्रिपाठी
एल. एन. मिश्रा
निदेशक(कार्मिक)